संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा - मुख्य परीक्षा
(Download) UPSC IAS Mains Exam Paper - 2017 : भूगोल (Paper - 2)

भूगोल
(प्रश्न पत्र - II)

निर्धारित समय : तीन घंटे

अधिकतम अंक : 250

प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़े :

इसमें आठ **(8)** प्रश्न हैं जो दो **खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

जहाँ आवश्यक हो, आरेख / चित्र उत्तर के लिए दिए गए स्थान में ही दर्शाइए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

खण्ड - A

Q1. (a) आपको दिए गए भारत के रेखामानचित्र पर निम्नलिखित सभी की स्थिति को अंकित कीजिए। अपनी क्यू० सी० ए० पुस्तिका में इन स्थानों में से प्रत्येक का भौतिक/वाणिज्यिक/आर्थिक/पारिस्थितिक/पर्यावरणीय/सांस्कृतिक महत्त्व अधिकतम 30 शब्दों में लिखिए :

(i) थुम्बा

(ii) नयाचर द्वीप

(iii) डोडाबेट्टा

(iv) देवस्थल

(v) पांगोंग झील

(vi) हम्पी

(vii) हैवलॉक द्वीप
(viii) लूनी नदी
(ix) दरिन्बदी
(x) दूधसागर जलप्रपात

INDIA

WITH AFGHANISTAN, BANGLADESH, BHUTAN, NEPAL, MYANMAR (BURMA), PAKISTAN AND SRI LANKA



(b) भारत में 2017 में मानसूनी वर्षा के वितरण के असामान्य प्रतिरूप का तर्कयुक्त विवरण दीजिए।
(c) सतलुज-यमुना योजक नहर परियोजना के क्रियान्वयन में निहित अन्तर्राज्यीय मुद्दों को स्पष्ट कीजिए।
(d) भारत में छोटे नगरों की अपनी समस्याएँ एवं संभावनाएँ हैं। विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए।
Q2. (a) भारत में अलवण जल संकट का विवेचन कीजिए तथा उसके संधारणीय (सस्टेनेबल) प्रबंधन की एक रूप-रेखा तैयार कीजिए।
(b) भारत में नक्सल-प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कीजिए तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक समस्याओं का विवेचन कीजिए।
(c) भारत में वायुमार्गों के एक व्यापक नेटवर्क का विकास करने की साध्यता का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
Q3. (a) "एक प्रभावी त्रिस्तरीय पंचायत राज तंत्र भारत में बहुस्तरीय आयोजना के ऊर्वोन्मुखी उपागम को बल प्रदान करेगा।' व्याख्या कीजिए।
(b) ''भाषायी विविधता भारत में एक परिसंपत्ति है तथा साथ-साथ चुनौती भी है। इस कथन की व्याख्या, भाषाओं के वितरण पर तथा संबंधित मुद्दों के हल के लिए उठाए गए प्रमुख कदमों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कीजिए।
(c) भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटन को अर्थव्यवस्था के एक महत्त्वपूर्ण स्रोत के रूप में किस प्रकार विकसित किया जा सकता है?
Q4. (a) भारत में नगरों के प्रकार्यात्मक वर्गीकरण की विभिन्न विधियों का उल्लेख कीजिए तथा अशोक मित्रा द्वारा अनुप्रयुक्त विधि को स्पष्ट कीजिए।
(b) भारत में किसानों द्वारा आत्महत्या कृषि-भूमि संबंधी प्रमुख समस्याओं में से एक है। महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश एवं पंजाब का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए इसके कारणों पर प्रकाश डालिए एवं उपचारात्मक उपाय सुझाइए।
(c) भारत में आधुनिक कृषि के लिए भूमि सुधार एक कुंजी है। स्वतंत्रता के बाद इस दिशा में किए गए विभिन्न उपायों का वर्णन कीजिए।

खण्ड-B

Q5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए :
(a) भारत सरकार द्वारा चिह्नित क्षेत्रों में प्रादेशिक असंतुलनों को कम करने में 'पहाड़ी परिवहन सहायिकी योजना की भूमिका की व्याख्या कीजिए।
(b) भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में डोकलाम विवाद के भूराजनीतिक परिणामों पर प्रकाश डालिए।
(c) भारतीय प्रादेशिक नौसंचालन उपग्रह तंत्र (आइ० आर० एन० एस० एस०) के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।
(d) लघु इस्पात संयंत्र भारत में लौह व इस्पात उद्योग के विकेन्द्रीकरण में एक उपकरण के रूप में कार्य कर सकते हैं। व्याख्या कीजिए।
(e) वस्तु एवं सेवा कर (जी० एस० टी०) का देश के विकसित एवं पिछड़े राज्यों पर विभेदक प्रभाव है। किस प्रकार और क्यों?
Q6. (a) हो सकता है कि नदियों का परस्पर युग्मन भारत में आश्वासित सिंचाई का और बारहमासी अंतःस्थलीय नौसंचालन का एक प्रमुख स्रोत के रूप में कार्य करे। भौतिक, आर्थिक एवं पारिस्थितिक परिणामों को ध्यान में रखते हुए इसकी साध्यता पर टिप्पणी कीजिए।
(b) धार्मिक अल्पसंख्यक अधिकांशतः भारत के सीमावर्ती राज्यों में संकेन्द्रित हैं। इसके कारणों एवं परिणामों की विवेचना कीजिए।

(c) मृदा प्रदूषण से आप क्या समझते हैं? भारत में मृदा प्रदूषण के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों को निरूपित कीजिए तथा इसके उपचारात्मक उपाय सुझाइए।

Q7. (a) सड़क और रेल जालतंत्रों का एक पूरक ढाँचे में एकीकृत विकास, प्रादेशिक विकास के लिए एक पूर्व-आवश्यकता है। भारत के पूर्वोत्तर प्रदेश के संदर्भ में इसको स्पष्ट कीजिए।

(b) सागर माला परियोजना की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए तथा भारत में तटीय प्रदेशों के पत्तन-आधारित विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(c) मेघालय को प्रायद्वीपीय भारत में सम्मिलित करने का औचित्य बताइए तथा वहाँ की वनस्पति एवं मृदा प्रकारों की विवेचना कीजिए।

Q8. (a) भारत के प्रमुख औद्योगिक प्रदेशों के नाम, उनकी पहचान के आधारों को इंगित करते हुए, बताइए। उनकी मूलभूत समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

(b) प्रायद्वीपीय भारत में अपवाह प्रतिरूप उसकी भूवैज्ञानिक संरचना एवं स्थलाकृति का परिणाम है। सविस्तार स्पष्ट कीजिए।

(c) क्या कारण है कि भारत में सौर ऊर्जा की उच्च संभाव्यता के होते हुए भी उसको वांछित स्तर तक विकसित नहीं किया गया है?